Dainik Bhaskar (13.05.2016)

दैनिक भास्कर | फरी

मिशन एडमिशन

शहर की 4 यूनिवर्सिटीज में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू

शुरू किए जा रहे हैं नए कोर्स, ग्रेजुएशन व मास्टर स्तर पर नए कोर्स का तोहफा

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

शहर स्थित 4 यूनिवर्सिटी में इस बार छात्रों के लिए नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। जिन कोर्स के लिए छात्रों को दिल्ली व एनसीआर के अन्य शहरों की ओर रुख करना पड़ता था। अब वे यहां भी इन्हें पढ़ सकेंगे। लिंग्याज, वाईएमसीए व मानव रचना यूनिवर्सिटी में 2016-17 शैक्षणिक सत्र के लिए नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं।

वाईएमसीए साइंस में ये कोर्स किए जा रहे हैं शुरू

वाईएमसीए साइंस व टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2016 के लिए केमेस्ट्री, इंवायरमेंट, मास कम्युनिकेशन व जर्नलिज्म, फिजिक्स मैथ विषयों के मास्टर एमएससी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 3 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मानविकी एवं विज्ञान संकाय के डीन डा. राजकुमार के अनुसार यूनिवर्सिटी द्वारा आगामी शैक्षणिक सत्र से नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। दाखिले के लिए आवेदन करने वाले सभी पात्र अभ्यर्थियों को यूनिवर्सिटी द्वारा ली जाने वाली प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। प्रवेश परीक्षा 11 व 12 जून, 2016 को यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित की जाएगी। इसका परिणाम 15 जून 2016 को घोषित किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। दो वर्षीय एमएससी (फिजिक्स), एमएससी (मैथ) व एमएससी (केमेस्ट्री) पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या 45-45 रखी गई है। एमएससी (इन्वायरमेंट) एमएससी-एमए (मास कम्युनिकेशन व जर्नलिज्म) के लिए सीटों की संख्या 30-30 रखी गई है।

फरीदाबाद. कालेज आती छात्राएं। फाइल फोटो

ऐसे कर सकते हैं एडमिशन

आवेदन प्रपत्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन प्रपत्र 1000 रुपए के डिमांड ड्राफ्ट यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के पक्ष में देय होगा। जरूरी दस्तावेजों के साथ 3 जून, 2016 को सायं 4 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत विवरणिका यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.ymcaust.ac.in पर देखी जा सकती है।

लिंग्याज यूनिवर्सिटी में मास्टर स्तर पर नए कोर्स

नचौली स्थित लिंग्याज यूनिवर्सिटी में मास्टर स्तर पर नए कोर्स की शुरूआत की जा रही है। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. आरके चौहान के अनुसार स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, द्वारा बीबीए, एमबीए व बीकॉम का कोर्स चलाया जा रहा है। नए सत्र से एमकॉम व डिप्लोमा इन ट्रैवल एंड टूरिज्म में भी कोर्स प्रारंभ किए जा रहे हैं।

मानव रचना यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन व एमबीए में कोर्स

सूरजकुंड रोड स्थित मानव रचना यूनिवर्सिटी में नए सत्र से नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। इसकी तैयारियों को मूर्तरूप दे दिया गया है। हेल्थ केयर मैनेजमेंट, फाइनेंस एंड अकाउंट, आंत्रप्रेन्योर व फेमिली बिजनेस आदि में बीबीए शुरू किया जा रहा है। एग्जिक्यूटिव, रीयल एस्टेट मैनेजमेंट, कंस्ट्रक्शन, स्पोर्ट्स, निगोसिएशन व डिप्लोमेसी, आंत्रप्रेन्योर व फेमिली बिजनेस में एमबीए की शुरूआत की जा रही है। फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ में एमएससी, बीएड, बीए बीएड, बीएससी बीएड भी इस सत्र के लिए लांच किया गया है। एमएससी कंप्यूटर साइंस, एनर्जी व इन्वायरमेंट, इंटीरियर डिजाइन, कंप्यूटर साइंस व एमए इंग्लिश की भी शुरूआत की जा रही है।